जनता में खरीदने की पर्याप्त क्षमता का अभाव भी हो सकता है ।

(ग) दूध की मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता को स्वीकार किया गया है । राष्ट्रीय पंचवर्षीय योजनाओं के अधीन केन्द्रीय और राज्य सरकारें पशु और डेरी विकास के लिए कई योजनायें चलाती रही है । कुछ अधिक महत्व की पशु विकास योजनाये, जिनका दूध उत्पादन से सीधा सम्बन्ध है, निम्नलिखित हैं—

(1) गहन पशु विकास परियोजनायें।

(2) आदर्श ग्राम योजना ।

(3) विदेशी नस्लों के साथ संकरण ।

(4) दाना और चारा विकास योजनाये ।

(5) गोशाला विकास योजनायें ।

(6) बड़े आकार की पशु प्रजनन फार्मों की स्थापना और सांडो की सन्तति सम्बन्धी परीक्षण ।

(7) प्रजनन क्षेत्रों के लिए पशु पंजीकरण की योजनायें ।

**बिहार में चारे की कमी**

199. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य में चारे की भारी कमी है ;

(ख) क्या चारे की कमी के कारण समूचे बिहार राज्य में लाखों पशु मर गये हैं ;

(ग) उक्त राज्य को चारा सप्लाई करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ;

(घ) उत्तर बिहार विशेषकर सहरसा, उत्तर मुंगेर, उत्तर भागलपुर और पूर्णिया जिलों को चारे के कितने वैगन भेजे गये ; और

(ङ) यदि इस बारे में कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो इसके क्या कारण है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मन्त्री (प्रो० शेर सिंह)** : (क) जी हां ।

(ख) पशुओं मे मृत्यु दर अत्यधिक थी । बिहार सरकार से अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है और यथा समय इसे सभा-पटल पर रख दिया जायेगा ।

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में निम्न कदम उठाये गये है—

(i) बिहार सरकार को चारा तथा पशु-आहार के मूल्य भंडारण और संचलन के नियंत्रण के लिए अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत शक्तियों का प्रत्यायोजन किया गया है, जिससे राज्य में उपलब्ध सप्लाई को परिरक्षित किया जा सके ।

(ii) पजाब, हरियाणा, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश सरकारों से अनुरोध किया गया था कि वे बिहार सरकार को अपने राज्यो में चारा प्राप्त करने के लिए आवश्यक सुविधायें प्रदान करें।

(iii) रेल मंत्री से अक्तूबर, 1971 में हरियाणा तथा पंजाब से बिहार के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों को पशु चारे का संचलन करने के लिए आवश्यक सुविधायें प्रदान करने का अनुरोध किया गया था ।

(घ) रेलवे बोर्ड ने सूचित किया है कि 16 अगस्त, 1971 से 14 सितम्बर, 1971 की अवधि के मध्य, बिहार के लिए उत्तरी रेलवे के स्टेशनों से 2624 ब्राड-गेज तथा 238 मीटर-गेज चारे से भरी वैगनें भेजी गई थीं । इनके अतिरिक्त केन्द्रीय रेलवे के स्टेशनों से भी लगभग 152 ब्राड-गेज वैगनें बिहार को भेजी गई थीं ।

रेलवे बोर्ड ने यह भी आश्वासन दिया है कि बिहार के लिए चारे की अधिकाधिक मात्रा की यथाशीघ्र लदाई के लिए प्रत्येक संभव सुविधा प्रदान की जायेगी। उत्तरी रेलवे भी बिहार के लिए चारे की लदाई और अधिक बढ़ा रही है।

सहरसा, उत्तरी मुंगेर, उत्तरी भागलपुर तथा पूर्णिया जिले जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को भेजी गई चारे की वैगनों की संख्या के सम्बन्ध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी एकत्र की जा रही है और यथासमय सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

(ङ) प्रश्न ही नहीं होता।

**बिहार में बैलों की खरीद के लिए किसानों को ऋण**

200. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :** क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार मे चारे की कमी के कारण छोटे तथा मध्यम दर्जे के किसानो को बैलो की खरीद के लिए कोई विशेष ऋण देने के लिए सरकार का कोई योजना तैयार करने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना तथा ऋण देने की प्रणाली की मुख्य बातें क्या हैं ?

**कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) :** (क) और (ख). केन्द्रीय सरकार ने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई है।

---

CORRECTION OF ANSWER TO UNSTARRED QUESTION NO. 5959 DATED 26.7 1971 RE WORK-LOAD OF C.P.W.D. ELECTRICAL DIVISION OF DELHI ADMINISTRATION

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING (SHRI I. K. GUJRAL) : In answer to part (b) of Unstarred Question No. 5959 by Dr. Ranen Sen, M. P. answered on the 26th July, 1971, it was stated that the Air-conditioning works are being looked after by the Air-conditioning Division No. III, Central P. W. D. On verification it has come to light that the Air-conditioning works are being looked after by the Air-conditioning Division No. II of the C. P. W. D. Consequently, the answer to part (b) of the Question should be amended as follows :—

> The workload during 1970-71 was Rs. 17.82 lakhs The Air-conditioning works are, however, being looked after by the Air-conditioning Division No. II, C. P. W. D.

I regret the error which crept in the answer given previously.

---

**12 hrs.**

RE : MOTION FOR ADJOURNMENT PROCEDURE

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour) : I am required to raise something which is coming immediately after the question hour. This is an adjournment motion, notice of which I had already given.....

MR. SPEAKER : We have a call attention notice to dispose of.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : I will read out the relevant rule, 60(1) :

> ' The Speaker, if he gives consent under rule 56, and holds that the matter proposed to be discussed is in order, shall, after the questions and before the list of business is entered upon, call the member concerned who shall rise in his place and ask for leave to move the adjournment of the House".

I have given notice of an adjournment motion covering a subject which involves every person in West Bengal, that is, the unleashing of violence by the fascist hordes of Shrimati Indira Gandhi....... (*Interruptions*).

SHRI PRIYA RANJAN DAS MUNSI (Calcutta South) : On a point of order.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : When I have not been told that my motion has not